# प्रभु तेरा द्वार ना छूटे रे नागर जी भजन लिरिक्स

प्रभु तेरा द्वार ना छूटे रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे,
छूट जाए संसार,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे।bd।

देखे – मेरे दीनबंधु भगवान रे।

---

तुझे छोड़कर दूजो द्वार का,
अब नही सुझे रे,
द्वारिकाधीश अब तेरी द्वारिका,
द्वारिकाधीश अब तेरी द्वारिका,
ना हमसे छूटे रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे।bd।

---

सदा सुहागन द्वार तुम्हारे,
देहली पूजे रे,
देहली छोड़कर जो कोई जावे,
देहली छोड़कर जो कोई जावे,
किस्मत फूटे रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे।bd।

---

जाति रूठे पाती रूठे,
साथी रूठे रे,
रूठ जाए सब घर परिवारा,
रूठ जाए सब घर परिवारा,
पर तू मत रूठे रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे।bd।

---

बंधु छूटे बांधव छूटे,
बंधन छूटे रे,
कभी ना छूटे हाथ का कंगन,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कभी ना छूटे हाथ का कंगन,
ना प्रीतम छूटे रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे।bd।

---

नहीं छूटे थारो भजन पूजन,
ना दर्शन छूटे रे,
नहीं छूटे थारी सेवा चाकरी,
नहीं छूटे थारी सेवा चाकरी,
ना सत्संग छूटे रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे।bd।

---

धन भी खुटे जोबन खुटे,
सांसा खुटे रे,
आर्शीर्वाद कभी नहीं खुटे,
आर्शीर्वाद कभी नहीं खुटे,
कोई लेकर देखे रे,
**Bhajan Diary Lyrics,**
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे।bd।

---

वादे झूठे सौदे झूठे,
सौगन झूठे रे,
नहीं बेर भीलनी के झूठे,
नहीं बेर भीलनी के झूठे,
कोई खाकर देखे रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे।bd।

---

प्रभु तेरा द्वार ना छूटे रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे,
छूट जाए संसार,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे,
प्रभु तेरा द्वार ना छूटें रे।bd।

स्वर – पं. श्री कमल किशोर जी नागर।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com